लोकल स्पोर्ट्स

बालवाटिका के छात्र ने ताइक्वांडो में ब्रॉन्ज् मेडल जीता



इन्दौर। यह खुशी का पल है क्योंकि सिका स्कूल, स्कीम नंबर 78 बालवाटिका के के. जी. 2 के छात्र आरव लस्करी ने नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में हिस्सा लिया। यह चैंपियनशिप एम. पी. ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा चमेली देवी रूप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस, इंदौर में आयोजित की गई थी।आरव ने सब-जूनियर बॉयज़ कैटेगरी में ब्रॉन्ज़ मेडल जीता।

पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्राफी चंद्रकला बिहानी स्मृति विद्यालयीन खुली स्पर्धा कल से

इन्दौर। लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1, लायन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान मे 15 से 18अक्टूबर तक मल्हार क्रीड़ा मंडल में होने वाली पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्राफी चंद्रकला बिहानी स्मृति विद्यालयीन खुली स्पर्धा में अब तक सवा दो सौ से अधिक प्रविष्टियां आ चुकी हैं, स्पर्धा में 9,11,13,15और 17 वर्ष बालक और बालिका एकल मुकाबले हो रहे हैं, सेमीफाइनल से ही आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे,स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ बालक और बालिका खिलाड़ी पुरस्कार भी दिया जाएगा,

लायन्स महानगर चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा जवाहर बिहानी और सरताज अकादमी के प्रबंध निदेशक धर्मेश यशलहा ने बताया कि यह स्पर्धा का लगातार पांचवां साल हैं, अब तक 100 से अधिक विद्यालयों की 225 से अधिक प्रविष्टियां आ चुकी हैं, मुकाबले 15 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शुरू होंगे, पहले 11,13और 15वर्ष बालक एकल के पहले दौर के मुकाबले होंगे, स्पर्धा संयोजक हरीश राजन ने बताया कि राष्ट्रीय बैडमिंटन रैफरी धर्मेश यशलहा स्पर्धा के मुख्य निर्णायक होंगें।

कॉमनवेल्थ वयू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में ईशिका और उजैर ने जीते कांस्य



इन्दौर। मध्यप्रदेश के युवा क्यूइस्ट ईशिका शाह और उजैर खान ने दूसरी कॉमनवेल्थ वयू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किए ।

अहमदाबाद के वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रतियोगिता के महिला स्नूकर स्पर्धा में मध्य प्रदेश की ईशिका शाह ने 6 रेड स्नूकर में उम्दा खेल दिखाया, लेकिन वे कांस्य पदक ही जीत सकी । वहीं उजैर ने सेमीफाइनल में भारत के ही पारस गुप्ता ने 6-5 से हराया। यह उजैर का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है। इस स्पर्धा में हेबॉल इवेंट का यह भारत का पहला पदक है। इस सफलता पर मध्यप्रदेश बिलियर्ड्स एवं स्नूकर के चेयरमैन श्री भोलू मेहता, बिलियर्ड्स एवं स्नूकर फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री सुनील बजाज, कोषाध्यक्ष श्रीमती अश्विनी पुराणिक ने बधाई दी । प्रतियोगिता के समापन समारोह में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी ऊषा मुख्य अतिथि थीं।

ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर के दीपक यादव दादर नगर हवेली दमन दीव हॉकी टीम व अरहम अंसारी का तेलंगाना प्रदेश टीम मे चयन





इन्दौर। हॉकी इंदौर एसोसिएशन के अध्यक्ष व विधायक श्री रमेश मंदौला व सचिव किशोर शुक्ला ने बताया की हॉकी इंडिया द्वारा 10-10-2026 से 21-10-2026 तक झांसी (उत्तर प्रदेश) मे आयोजित राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर इंदौर के राष्ट्रीय खिलाडी दीपक यादव का दादर नगर हवेली दमन दीव हॉकी नेशनल टीम मे एवं अरहम अंसारी का तेलंगाना प्रदेश की नेशनल टीम मे चयन हुआ दीपक व अरहम के मुख कोच मो याकुब अंसारी है दीपक व अरहम ने कई बार मध्यप्रदेश टीम का भी प्रतिनिधित्व किए है।दीपक व अरहम के चयन पर हॉकी इंदौर एसोसिएशन के अध्यक्ष व विधायक श्री रमेश मंदौला,संरक्षक श्री ओम सोनी, संयोजक जसरात महेता, उपाध्यक्ष डॉ ए के दास, मो इस्माईल अंसारी, दीपक पटेरिया ,सचिव किशोर शुक्ला, सहसचिव मो याकुब अंसारी,कोषाध्यक्ष नजमुदीन खुर्शीद, आनंद यादव, डॉ रफीक खान, अतुल खुणे, नितिश गौड, अभिषेक यादव, गुलाम साबिर, शशांक पदेशी, मंजीत सिंह,कोच शिव कुमार चौहान, नवेद अंसारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम वृंदा सोनी (VRINDA SONI) पिता दीपक सोनी है जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र पर अंकित है। किन्तु मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर त्रुटिवश उसका नाम आरना सोनी (AARNA SONI) पिता दीपक सोनी दर्ज हो गया है, अतः भविष्य मे मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजो पर उसका सही नाम वृंदा सोनी (VRINDA SONI) पिता दीपक सोनी लिखा पढा जावे एवं इसी नाम से जाना पहचाना व सम्बोधित किया जावे ।

पिता : दीपक सोनी
पता : 27-ए, अम्बिकापुरी मैन इन्दौर, (म.प्र.) 452005

संभाग स्तरीय अंतर-महाविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में

गुजराती प्रोफेशनल महाविद्यालय का दबदबा

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के अंतर्गत आयोजित संभाग स्तरीय अंतर-महाविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में श्री रावजीभाई गोकुलभाई पटेल गुजराती प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने तैराकी एवं डाइविंग में अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का शानदार परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गुजराती प्रोफेशनल महाविद्यालय ने प्रतियोगिता में विजेता का गौरव प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के दौरान डाइविंग स्पर्धा में महाविद्यालय की खिलाड़ी प्रीति शर्मा ने 3 मीटर स्प्रिंगबोर्ड डाइविंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं तैराकी स्पर्धाओं में सोहम सहगल, मानस विश्वकर्मा एवं राजवीर सोनी ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता स्थान प्राप्त किए।

प्रतियोगिता में 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 200 मीटर



फ्रीस्टाइल सहित बटरफ्लाई, बैकस्ट्रोक एवं ब्रेस्टस्ट्रोक जैसी विभिन्न तैराकी स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न व्यक्तिगत स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया।

निर्णायक मंडल एवं चयन समिति की रही महत्वपूर्ण भूमिका

प्रतियोगिता के सफल एवं निष्पक्ष संचालन में तैराकी के ऑफिशियल श्री सागर तोंडे, श्री मोहित इमोलिया एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डाइविंग स्पर्धा में श्री मनीष जोशी (काका), श्री प्रखर जोशी एवं श्री उत्कर्ष जोशी ने ऑफिशियल के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की ओर से गठित चयन समिति में अध्यक्ष डॉ. सी.बी. होलकर के साथ डॉ. पूनम कौशिक, डॉ. पीटर, डॉ. नीलेश मंडलोई, श्री रामचंद्र सिंह तोमर, श्री सुरेंद्र सिंह सिद्धू, श्री अरशद हसन एवं श्री राजेश बगोरा उपस्थित रहे। इस अवसर पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स डॉ. सुधीरा चंदेल की उपस्थिति भी रही।

महाविद्यालय प्रबंधन ने दी खिलाड़ियों को बधाई

खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉ. रक्लीन कौर भसीन, महाविद्यालय अध्यक्ष श्री दीपक भाई सोनी, मानद महामंत्री श्री पंकज भाई संघवी एवं स्पोर्ट्स कन्वीनर श्री राहुल भाई पटेल ने सभी विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की।

अंत में महाविद्यालय की ओर से श्री वीरेंद्र मेहता ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, निर्णायकों, चयन समिति के सदस्यों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



इन्दौर। सचिव देवाशीष निलोसे ने बताया कि आईडीसीए द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज खण्डवा जिला एवं बुरहानपुर जिले के मध्य दो दिवसीय मैच खेला गया जिसमें पहले दिन बुरहानपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 13 ओवरो में सभी विकेट

अंतर जिला अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा

अथर्व यादव की घातक गेंदबाजी से खण्डवा जिले की विशाल जीत

खोकर मात्र 31 रन बनाये।

केवल आदित्य गौतम ही दोहरी संख्या 11 रनों तक पहुंच सके । अथर्व यादव व अभिराज सिंह ने 4-4 विकेट एवं भव्य मालाकार ने 2 विकेट लिये। जवाब में खण्डवा की टीम ने अपनी पहली पारी मे 47 ओवरो में सभी विकेट खोकर 126 रन बनाकर 99 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । भव्य मालाकार ने सर्वाधिक 38 रन बनाये। आतिश महाराज एवं आदित्य गौतम ने 3-3 विकेट लिये। बुराहानपुर ने अपनी दूसरी पारी में 22 ओवरो में सभी विकेट खोकर 90 रन ही बना पाई और





एमपीसीए अंडर-15 दो दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा : पहली पारी की बढत के आधार पर श्रीराम स्पोर्टस की आसान जीत

यह मैच एक पारी और 9 रनों से हार गई और दो दिवसीय मैच 1 दिन में ही समाप्त हो गया । अथर्व यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 16 रन देकर 6 विकेट एवं अभिरा व तन्मय ने 2-2 विकेट हासिल किये । अथर्व यादव ने पुरे मैच में 10 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

सचिव देवाशीष निलोसे ने बताया कि आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-15 दो दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज श्रीराम स्पोर्टस एवं एमकेसीसी के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 61 ओवरो में सभी विकेट खोकर 170 रन बनाये। आदित्य भदौरिया ने 78 रन एवं समर पटेल ने 44 रन बनाये। कार्तिकेय अग्रवाल ने 6 विकेट एवं साकेत जोशी ने 3 विकेट लिये। जवाब में श्रीराम स्पोर्टस ने अपनी पहली पारी मे 56 ओवरो में सभी विकेट खोकर 226 रन बनाये और 56 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की। प्रत्यक्ष साही ने 56 रन, युवराज जायसवाल ने 55 रन एवं कार्तिकेय अग्रवाल ने 41 रनों का योगदान दिया। प्रथम गोफने ने 5 विकेट एवं जयतिर्थ ने 3 विकेट लिये। जवाब



में एमकेसीसी ने अपनी दूसरी पारी मे 43 ओवरो में 7 विकेट पर 160 रन बनाकर श्रीराम स्पोर्टस के समक्ष 104 रनों का लक्ष्य रखा । आदित्य भदौरिया ने दुसरी पारी में बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 100 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीराम स्पोर्टस की टीम मैच समाप्त होने तक 8 ओवरो में 1 विकेट पर 24 रन बना लिये थे। इस तरह पहली पारी की बढत के आधार पर श्रीराम स्पोर्टस विजय रही ।

चिराग और गायत्री के पंच और किक से जीतेगा पूरा मध्यप्रदेश

नागरकोइल कन्याकुमारी में आयोजित होने वाली 22वीं राष्ट्रीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कराते स्पर्धा में इंदौर जिले के श्रेयस स्कूल में राजेंद्र पाटिल की ईच वन टीच वन मेमेंट से तैयार गायत्री राठौर और चिराग सक्सेना के किक और पंच से काटा व कुमिते में मध्यप्रदेश को बढ़त मिलेगी जिसका दावा उनके कोच और एशियन रेफरी रह





चुके अमय लश्करी कर रहे है। गौरतलब है कि फेसिंग , स्काई मार्शल आर्ट एवं थांग ता मार्शल आर्ट में स्कूल शिक्षा विभाग की स्पर्धा एवं कोशिकी मार्शल आर्ट में राज्य स्तरीय जीतने के बाद चिराग ओर गायत्री दोनों के सितारे बुलंदी पर है। कन्याकुमारी नेशनल के बाद ये खिलाड़ी खेलो इंडिया लीग के लिए भी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। गायत्री का सपना आर्मि इंडिया पुलिस गेम खेलकर देश की सेवा करने का है। वही चिराग लंदन स्कूल ऑफ आर्ट्स से खेल की पढ़ाई करना चाहते है।

सरकार क्यों डर रही है... देश जाने

इन्दौर। अखिल भारतीय मतदाता मंच के प्रमुख सुरेश सेठ विचार मंच अध्यक्ष गांधीवादी समाजसेवी डा. कमल कुमार साबू ने कहा है कि ऐसा क्या डर है ऐसी क्या बात है जो सरकार छिपा रही है।

डॉ. साबू ने कहा कि ट्रेनें रोककर फ्लाइट में गिरफ्तारी की गई। सड़कों पर कांटे बिछा दिए गए यह सरकार की जीत नहीं है सरकार लोकप्रिय है प्रधानमंत्री मजबूत है फिर विरोध से डरना क्यों। ज्ञानेश कुमार सही है तो फिर इतनी घबराहट छटपटाहट कैसी है? विदेशी फंडिंग हो रही है तो सरकार पकड़ती तो क्यों नहीं है। देश चुनाव आयोग से पूछ रहा है जवाब में भाजपा पार्टी सरकार क्यों मैदान में है। जिद, घमंड, अकड़ में सरकार बदनाम हो रही है। लोकतंत्र में विरोध से निपटने का तरीका लोगों को डराना रास्ते बंद करना नहीं है बल्कि जवाब देना है। याद रखे सरकार ने विरोध को दबाने की जो कोशिश की है यह पूरे देश को जंतर-मंतर कहीं नहीं बना देवे।

वर्ष 2008 से दत्त माऊली सहकारी मुद्रणालय के चुनाव ही नहीं हुए

गिरीश चौहान सदस्य स्वयंभू अध्यक्ष संस्था का कैसे?

इन्दौर। गांधी मजदूर स्मारक निधि के मंत्री लक्ष्मीनारायण पाठक ने जानकारी में बताया कि, ट्रस्ट की विल्डिंग श्रम शिविर में जाली दस्तावेज लगाकर दत माऊली सहकारी मुद्रालय के नाम से भवन 2001 में किराये पर लिया गया था, जबकि गिरीश चौहान द्वारा खुद बताया गया है कि, दत माऊली सहकारी मुद्रालय का रजिस्ट्रेशन 04 अप्रैल 2008 को हुआ है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 2372 है एवं स्थापना के बाद कोई चुनाव नही हुआ है एवं उप रजिस्ट्रार सहकारी के अधिकारी द्वारा दत माऊली के सहकारी मुद्रालय पर 18.06.2022 को आदेश क्रमांक 2575 पर रिसीवर नियुक्त है। गिरीश चौहान द्वारा 29.09.2026 को गांधी मजदूर स्मारक निधि ट्रस्ट पर एक वाद सनितीक न्यायाधीश पन्द्रहवें व्यवहार न्यायालय, कनिष्ठ खण्ड, इन्दौर में सानन्तीय रविकुमार साहू के समक्ष झूठा शपथ 02.09.2026 को प्रस्तुत किया, जिसमें गिरीश चौहान ने अपने आपको दत माऊली सहकारी मुद्रणालय का अध्यक्ष घोषित किया है। साथ ही 3 मई 2026 को शाम 4.00 बजे दत माऊली के पदाधिकारी की एक बैठक स्वयं की अध्यक्षता में बताई है, कथ उक्त दत माऊली सहकारी मुद्रणालय में 18.06.2022 को रिसीवर नियुक्त है। वर्ष 2008 के बाद कोई चुनाव नही हुआ है, तो उक्त गिरिश चौहान उक्त संस्था का अध्यक्ष कैसे हो सकता है। गिरिश चौहान द्वारा जाली तौर पर उक्त संस्था का अध्यक्ष बताया है, वह 420 की श्रेणी में आता है। उक्त समाचार प्रकाशित करके जाली पत्रिका जो जनादेश वार्ता के नाम चला रहा है, जो पत्रकारिता को बदनाम कर रहा है।

शिशुकुंज नॉर्थ कैंपस स्कूल एडवांस एकेडमी अग्रवाल पब्लिक स्कूल महाराजा नीमच पब्लिक स्कूल का अगले दौर में प्रवेश

इन्दौर। शिशुकुंज नॉर्थ केंपस स्कूल एडवांस एकेडमी अग्रवाल पब्लिक स्कूल महाराजा नीमच पब्लिक स्कूल ने अगले दौर में प्रवेश किया।मां देवी अहिल्या शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के लिए देवी अहिल्या मेमोरियल गोल्ड कप इंटर स्कूल फुटबॉल स्पर्धा का शुभ आरंभ किया गया अंश सिरसिया ने बताया कि शुभा अर्पण के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद एवं जून प्रभारी श्री महेश बासवाल श्री नितिन उगादि जी म पूर्व थाना प्रभारी अली मोहम्मद जी एवं कार्यक्रम के स्पर्धा के अध्यक्ष श्री बनवारी रायकवार इंदौर जिला प्रभारी राकेश सिरसिया मौजूद थे साथ में जयेश मार्टिन



अविनाश झंझोट मानसय चौहान जयंत पटेल पवन मीणा भावेश यादव रजत शुक्ला स्वागत किया पहला मैच नारायणी स्कूल एडवांस्ड एकेडमी के मध्य खेला गया इसमें एडवांस में 4/0 से जीत हासिल कीदूसरा मुकाबला अग्रवाल पब्लिक स्कूल वर्सेस कैटालिस्ट पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें अग्रवाल पब्लिक स्कूल में 3/0 से जीत हासिल की शिशुकुंज स्कूल वर्सेस सन्मति स्कूल जिसमें शिशुकुंज स्कूल एक गोल से जीती है महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल नीमच वर्सेस रैंकर इंटरनेशनल स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें महाराजा नीमच स्कूल ने दो गोल से जीत हासिल की कल क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ दस्तावेज में मेरा नाम **जितेंद्र कुमार व्यास** दर्ज था। जोकि परिवर्तित होकर **जितेंद्र व्यास** हो गया है। आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में भी मैं **जितेंद्र व्यास** नाम का ही उपयोग करता हूं। अतः मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

जितेंद्र व्यास
पता- 17, लंदन विला, अरबिंदो हास्पिटल रोड, इंदौर (मप्र)

In The Court of XXIII Additional District and Session Judge District Court. Indore
Presiding Officer: अभिषेक गोयल
आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(macc/53/22)
श्रीमती संगीता व अन्य **Vs** गणेश अवस्सर मूल व अन्य
पेशी. दिनांक 16-11-26

प्रेषिती- (1) गणेश अवस्सर मूल पिता श्री नारायण अवस्सर मूल पता-76 चिकित्सक नगर रिंग रोड थाना लसूड़िया जिला इंदौर

यह की आवेदक श्रीमती संगीता पति स्व. श्री सुरेश व अन्य पता -77 चिकित्सक नगर बाँम्बे हॉस्पिटल के पास इंदौर (म.प्र) ने आपके विरुद्ध प्रकरण के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिए समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो 16-11-26 की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 08-10-26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश (अभिषेक गोयल) सदस्य तेईसवें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण इन्दौर (म.प्र.)

टिप्पणी : कृपया ध्यान दे - 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court of XXIII Additional District and Session Judge District Court. Indore
Presiding Officer: अभिषेक गोयल
आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(macc/53/22)
श्रीमती साबिया बी व अन्य **Vs** अभिषेक यादव व अन्य
पेशी. दिनांक 16-11-26

प्रेषिती- (1) विजय सिंह पिता श्री रत्न. हिन्दुसिंह , नि.ग्राम मंडलवाड़ा थाना शिप्रा जिला इंदौर

यह की आवेदक श्रीमती साबिया बी पति अलीमुद्दीन कुरैशी व अन्य पता - सिरपुर रोड ग्राम बांक इंदौर (म.प्र) ने आपके विरुद्ध प्रकरण के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिए समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो 16-11-26 की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 08-10-26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश (अभिषेक गोयल) सदस्य तेईसवें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण इन्दौर (म.प्र.)

टिप्पणी : कृपया ध्यान दे - 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court of XXIII Additional District and Session Judge District Court. Indore
Presiding Officer: अभिषेक गोयल
आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(macc/2482/19)
दीप सिंह जादौन **Vs** जय सिंह यादव व अन्य
पेशी. दिनांक 16-11-26

प्रेषिती- (1) जय सिंह पिता श्री रामनिवास यादव, पता -भोलेनाथ मंदिर के पास देवकी नगर इन्दौर (म.प्र)

यह की आवेदक दीपसिंह पिता श्री भंवरसिंह जादौन पता -न्याय नगर इन्दौर, ने आपके विरुद्ध प्रकरण के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिए समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो 16-11-26 की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 08-10-26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश (अभिषेक गोयल) सदस्य तेईसवें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण इन्दौर (म.प्र.)

टिप्पणी : कृपया ध्यान दे - 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।